# मिट्टी के कारोबार ने छीन लिया लोगों का सुकून

## गंगा एक्सप्रेस-वे में तेजी से चल रहा है मिट्टी ढुलाई का कार्य

ऊंचाहार, रायबरेली

- स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा
- एसडीएम से की गयी शिकायत का भी ठेकेदारों पर असर नहीं

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे में कार्य कर रही संविदा कंपनियों की मनमानी के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ठेकेदार कंपनियां बिना प्रदूषण नियमों का बिना पालन किए हुए मिट्टी ढुलाई का कार्य कर रही हैं। इससे ग्रामीणों को गंभीर बीमारियों के मुंह में धकेल रहीं हैं। हद तो तब हो गई जब इन्होंने विद्यालय के बच्चों को भी नहीं छोड़ा। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

बताते चले कि गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी ढुलाई का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे ग्रामीण सड़के जहां ध्वस्त हो गई हैं। वहीं इनकी लापरवाही के चलते एक बच्चे की जान भी अब तक जा चुकी है। किलोमीटर 2600 में कार्य करने वाली कंपनी के ठेकेदार की मनमानी का यह आलम है कि उसके द्वारा सड़को पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते धूल का गुबार उड़ कर लोगों के घरों में घुस रहा है और लोगों के शरीर के अंदर धूल जाने से जहां गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। वही उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है। कंपनियों के द्वारा सरकारी गाइड लाइन का भी पालन नहीं किया जा रहा है। किलोमीटर 2600 के निकट संचालित एक इंटर कालेज के बच्चों की पढ़ाई पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। आलम यह है कि जब सामने सड़क से एक्सप्रेसवे के वाहन गुजरते है तो सारी धूल कॉलेज के कमरों में घुस जाती है, जिससे कमरे में पढ़ाई कर रहे बच्चों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

इस बात की शिकायत कई बार उपजिलाधिकारी से भी की गई किंतु दबंग ठेकेदार कोई भी नियम मानने को तैयार नहीं है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं होता तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। बच्चे गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

## लुटेरों ने व्यक्ति से छीने रुपए और कागजात

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** बेखौफ लुटेरों ने एक व्यक्ति से रात में रुपए, आधार कार्ड समेत कागजात छीन लिए। उसके बाद कागजात के आधार पर उसके बैंक खाते से 99 हजार रुपए भी निकाल लिए। लुटेरों का पता चलने पर अब पीड़ित के साथ सौदेबाजी भी की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के सरपतहा शारदा नहर पुल के पास तीन मई को प्रतापगढ़ के करीम नगर भड़चक निवासी मुकेश मौर्य का कहना है कि वह घटना के दिन अपनी बाइक से सलोन जा रहा था। रास्ते में शारदा नहर पुल के पास कुछ लोगों ने उसे रोककर उसका मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 12 सौ रुपए छीन लिए। दूसरे दिन उसके बैंक खाते से 99 हजार रुपए ऑनलाइन निकाल लिया जिससे उनकी पहचान हो गई। जब लुटेरों से पीड़ित ने संपर्क करके उन्हें अपना मोबाइल और कागजात वापस करने की विनती की तो उन लोगों ने उसे बीस हजार रुपए लेकर क्षेत्र के निगोहा गांव स्थित शराब की दुकान पर बुलाया, वहां उसके साथ साथ मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नामजद लोगों की तलाश की जा रही है। मामले की सच्चाई का भी पता लगाया जा रहा है।

# झांड़ियों से पटीं अल्पिकाएं

सरेनी, रायबरेली


अल्पिका में उगी झाड़ियां।

**अमृत विचार।** सरेनी रजबहे से निकली मानपुर गांव तक जाने वाली अल्पिका अतिक्रमण के चलते अपनी पहचान खोती जा रही है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सरेनी क्षेत्र की उर्वरा भूमि की सिंचाई के लिए ऊंचगांव, भगवंत नगर, सरेनी व खजूरगांव रजबहों के माध्यम से सिंचाई की जाती रही है किन्तु दो दशकों से लगातार धूल उड़ने से अल्पिकाओं का नामोनिशान मिटता जा रहा है। ऐसी ही एक माइनर सरेनी रजबहे से खानपुर के पास से निकलकर पल्टीखेरा, प्रतापपुर होते हुए मानपुर तक गयी है। इस अल्पिका में गांव के हुबलाल पुत्र स्व. ठाकुरदीन, रामभरोसे पुत्र स्व. शिवलाल, रामबालक पुत्र स्व. रघुनाथ आदि ने अपने घर के सामने मनमाने तरीके से अतिक्रमण करते हुए सीमेंट की बड़ी पाइपें नहर में डाल दी है। शिवबालक पासी ने तो अपने दरवाजे नहर में बंधा बांधकर माइनर को ही रूंध दिया है। इस 200 मीटर माइनर की सफाई तो दशकों से नहीं हुई। घरों का कूड़ा लोग नहर में ही डालकर पाट रहे हैं जिसकी वजह से नहर नाली की शक्ल में परिवर्तित होती जा रही है। गांव से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर दुलापुर गांव में ही नहर विभाग का कार्यालय है किन्तु अतिक्रमणकारियों का कहना है कि वे सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सुबिधा शुल्क देते हैं। हालात इतने बदतर हैं कि इस माइनर में सरेनी-दूलापुर सड़क मार्ग पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है किन्तु विभागीय अधिकारियों ने इसे भी नजरंदाज कर दिया है। ग्रामवासियों ने इस माइनर से तत्काल अतिक्रमण हटाकर सफाई कराने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

## सार-संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने मतदान के प्रति किया जागरूक



मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर क्षेत्र में स्थित राजकीय बालिका हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। बच्चों ने अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लीं और नारों से सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभी बच्चों के साथ प्रधानाध्यापिका अंजुम यादव, स्वीप नोडल शिप्रा सिंह, दीप्ति सिंह, रूपल यादव, ज्योति पटेल, पूनम यादव मौजूद रहीं।

### छात्रों ने किया वोटिंग प्रणाली का मंचन



दुर्गा इंटरमीडिएट कॉलेज में मतदाता को जागरूक करते पीठासीन अधिकारी बनाए गए छात्र। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जवाहर विहार कॉलोनी स्थित दुर्गा इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी मतदान की प्रणाली का मंचन किया। इसमें विद्यालय के छात्र लकी गुप्ता पीठासीन अधिकारी, प्रखर प्रथम मतदान अधिकारी, समीर द्वितीय मतदान अधिकारी और नेहा सहायिका रही। मंचन में जिस प्रकार से मतदान की प्रणाली सरकार द्वारा निर्धारित है उन प्रोटोकॉल का ध्यान में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं ने मंचन किया। प्रथम मतदान अधिकारी द्वारा आईडी कार्ड चेक करने के बाद वोट कैसे डाले इसका सम्पूर्ण वर्णन किया गया। बच्चों व अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु छात्र-छात्राओं व विद्यालय द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजित किया गया। विद्यालय की अध्यापिका मनु शर्मा ने उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया विद्यालय की कोऑर्डिनेटर किरण बाला ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए बधाई दी बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देकर सभी को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपील की।

# बीएमपीएस में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस


बीएमपीएस में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर की बहुप्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षाप्रद व जीवनोपयोगी कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस अपनी अपनी विशिष्ट शैक्षिक प्रणाली व कार्य शैली के लिए जाना जाता है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वह सभी उपाय किए जाते हैं जिससे बच्चे भविष्य में हर कठिनाई और संघर्ष का मुकाबला आसानी से कर सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रतिवर्ष स 8 मई को मनाया जाता है, यह दिवस रेड क्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनेंट के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है, हम सभी का यह दायित्व बनता है कि इस दिन विश्व शांति बनाए रखने के लिए उनके द्वारा बताए गए आदर्शों और मूल्यों को अमल में लाने का संकल्प ले। इसमें ईशा गुप्ता, यशवी कुशवाहा, वैष्णवी, वैभवी, आरोही शुक्ला, अर्पिता त्रिवेदी, आयुषी साहू, अंशिका सिंह, वैष्णवी सिंह, वैष्णवी चौधरी, अदिति सिंह, मननप्रीत कौर आदि ने सहभागिता थी। कक्षा 9 से 12 के ग्रुप में निकिता कुमारी, दृष्टि सिंह, नयन यादव, माही सिंह, चाहत, ज्योति गुप्ता, वर्तिका सिंह, शगुन सिंह, वंशिका सिंह, आराध्या शुक्ला, नाविका गुप्ता, अनन्या सिंह आदि छात्राओं ने फर्स्ट एड बॉक्स बनाकर उसका प्रदर्शन करते हुए अपनी आंतरिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर उसके उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही दोनों ग्रुपों के बच्चों ने इससे संबंधित पोस्टर बनाकर अपनी आंतरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक शांतनु सिंह, सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन, बुधराज, निधि सिंह, रोहित त्रिवेदी, प्रियम मिश्रा, अविनाश साहू, प्रशांत दुबे आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन व क्रियांवयन सीसीए इंचार्ज प्रीति श्रीवास्तव ने किया। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल डलमऊ की प्रधानाचार्य सपना तिवारी के दिशा निर्देशन में विद्यालय में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपनी आंतरिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया। यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

## 'अमृत विचार' की मुहिम — अंगुली पर लगी स्याही निशान नहीं शान है

रायबरेली, अमृत विचार। डलमऊ के न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के कक्षा 12 की छात्रा कुमकुम ने अपनी कलाकृति के माध्यम से मतदाताओं जागरूक किया है। मतदान सभी को करना चाहिए। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




## कार-बाइक की भिड़ंत से दोनों चालक घायल

**अमावा, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र के लोधवारी गांव निवासी विजय शंकर पुत्र राम नरेश अपनी कार से रायबरेली की ओर आ रहा था। मिल एरिया थाना क्षेत्र के मंचितपुर नहरिया के पास बाइक की आमने समाने भिड़ंत हो गई।

इस घटना में कार सवार विजय शंकर व बाईक सवार गुरुबक्स गंज थाना क्षेत्र के सलार पुर गांव निवासी रघुनाथ पुत्र रामधनी सलार पुर गुरु बक्स गंज मोनू पुत्र सुदनू गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ इलाज जारी है। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया मामला संज्ञान मे है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी- बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद-गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी में पॉलिसी धारक का नाम शांति देवी गलती से लिखा हुआ है जबकि अधार और बैंक पास बुक मे सुशीला अंकित है जिसका पालसी संख्या 276568200 है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अत: अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी- बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद-गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अत: अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी-ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। **- खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी- बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता- मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी- सेक्टर एम-1,-210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी-ग्राम-आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। वो काफी वृद्ध हो चुके हैं, उनकी सोचने समझने की क्षमता क्षीण हो चुकी है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन-देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय-विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। **- रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी- ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राजू पुत्र पप्पू निवासी - गणेशपुर चिनहट लखनऊ** का हूँ। मेरे पिता के पैसों से एक भूखण्ड खसरा सं0 140 स्थित ग्राम गणेशपुर रहमानपुरी चिनहट में क्रय किया गया था जिसमें मेरेव मेरे 2 छोटे भाई-बहन भी साथ रहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल वाद सं0 - 1656/2 सिविल जज सी0डि0 में विचाराधीन है। अत: उक्त सम्पत्ति कय विकय की जाएगी तो नियम विरुद्ध होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा जिसका मौजा नकहा नं0- 1, आराजी नं0- 368 और खाता नं0- 1699 जो दिनांक 19/12/1997 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3627, पृष्ठ संख्या 200 से 202 तक दस्तावेज क्रमांक 5041 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर गोरखपुर के यहां रजिस्ट्री हुआ था, जो वास्तव में दिनांक 30/04/2024 को कहीं खो गया है। **-बादामी देवी पत्नी रामसरन सिंह, निवासी-ग्राम गोधवल, पोस्ट- पिपरपाती, थाना -श्यामदेउरवा, जिला- महराजगंज**

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज रेल खंड पर बुधवार की सुबह एक वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के संजय नगर मजरे बिशुनपुर गांव के रहने वाले मिथिलेश जैन (60) पुत्र स्व ललित जैन किसी काम के सिलसिले में रेलवे लाइन के किनारे जा रहे थे। इसी दौरान ट्रेन नंबर हजरत निजामुद्दीन अंबिकापुर एसी सुपरफास्ट समर स्पेशल एक्सप्रेस आ गई जो की नई दिल्ली से लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, वाराणसी, बक्सर होते हुए मुजफ्फरपुर बिहार जा रही थी। इसी दौरान मिथिलेश जैन उसकी चपेट में आ गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए तत्काल बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय मिथिलेश जैन की मौत हो गई। इस बारे में आरपीएफ चौकी प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मिथिलेश जैन रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा थे, इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आया है जिससे उसकी मौत हुई है। उधर जीआरपी प्रभारी विनोद कुशवाहा ने बताया कि मामला रेलवे पुलिस का नहीं है। बछरावां थाने की पुलिस पोस्टमार्टम के लिए कार्यवाही कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से नवयुवक घायल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नवयुवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लालगंज से बछरावां आ रहा नवयुवक रामप्रकाश पुत्र रामशंकर निवासी सरेनी जैसे ही थाना क्षेत्र के नंदाखेड़ा गांव के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डा प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ठाकुर प्रसाद ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क

संवाददाता, रायबरेली


कार्यक्रम में बसपा प्रत्याशी का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

- बोले-बसपा पार्टी कांग्रेस-भाजपा व अन्य किसी विरोधी पार्टी या गठबंधन के साथ नहीं

**अमृत विचार।** 36 लोकसभा रायबरेली से बीएसपी उम्मीदवार ठाकुर प्रसाद यादव ने पखरौली, रसूलपुर धारावा, ढाई जलालपुर, कंदरांवा, खरौली, रोहनिया उमरन, जगतपुर समेत दर्जनों गांव में नुक्कड़ सभाएं की। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए ठाकुर प्रसाद यादव ने कहा बसपा पार्टी कांग्रेस-भाजपा या अन्य किसी विरोधी पार्टी या गठबंधन के साथ नहीं बल्कि अकेले पूरी दमदारी से चुनाव लड़ रही है। सभी समाज के लोग बसपा के लिए जी जान से लगे हैं।

हमारी पार्टी ने सर्व समाज के लोगों को टिकट बंटवारे के मामले में सभी को समान रखा है। सभी जातियों को बराबर मौका दिया है।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में चुनाव प्रचार युद्धस्तर पर है। ठाकुर प्रसाद ने कहा कि आज आप लोग लोकसभा के आम चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में आप लोग मौजूद हैं, आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बालकुमार गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष वीडी सुमन, जेआर वाडले, विजय अंबेडकर, राजेंद्र प्रताप, दिनेश पाल, प्रेम शंकर गौतम, विधानसभा अध्यक्ष ऊंचाहार समय सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कथा सुनने से मिलता है मोक्ष : मीना

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** गायत्री परिवार की ओर से गंगागंज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास मीना सिंह ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को सभी देवों व स्वयं भगवान के रूप में दर्शाया गया है। भागवत कथा में रस भाव की भक्ति को भी बताया गया है। इसमें भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया है जिसके सार को सुनकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा का श्रवण करके ही राजा परीक्षित को मुक्ति की प्राप्ति हुई थी। इससे पहले कार्यक्रम स्थल हरिओम निवास में विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कथा व्यास मीना सिंह ने कहा कि हमें सच की राह चलना चाहिए। गलत राह पर कुछ समय के लिए जरूर अच्छा लगता है। लेकिन अंत में काफी दुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख सुविधाओं के चक्कर में व्यक्ति गलत राह पर चलने लगता है। इस मौके पर बीबी सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पूनम सिंह, प्रीति गुप्ता, राजरानी सिंह, कुशल चौहान, दिव्यांश सिंह, सूरज हलवाई, राम बहादुर सिंह, मुन्ना पांडे, गोलू पांडे, बिंदेश कुमार द्विवेदी, विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।


श्रीमद् भागवत कथा सुनाते कथा वाचक।

## बाबूलाल मिश्रा बने स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत छाया विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक बाबू लाल मिश्रा को नगर पंचायत का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। बुधवार को नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष विनोद कौशल व अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बताया कि स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस मौके पर सैफ उल्ला, मुन्ना लाल, नीरज निर्मल, सरवन, मो. अफजल आदि मौजूद रहे।

## खेत से इंजन चोरी

**बारासगवर उन्नाव।** बारासगवर थाना अंतर्गत मंगलवार की रात भटखेरवा गांव में खेत से इंजन चोरी हो गया। किसान संदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। सुबह खेत पहुंचा तो ट्यूबवेल गायब देख उसके होश उड़ गये। उसने ट्यूबवेल चोरी की जानकारी पुलिस को दी। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है जांच की जा रही है।

# नर सेवा ही नारायण सेवा का दिया संदेश

संवाददाता,रायबरेली


श्रीमद् भागवत कथा सुनाते कथा वाचक।

**अमृत विचार।** शहर के रामनेर मोहिउद्दीनपुर (जेल के पीछे) चल रहे सतनामी ब्रह्मयज्ञ में सुबह देवी-देवताओं का सर्वतोभद्र मंडल और तैतीस कोटि देवताओं का पूजन आवाहन हुआ। इसके बाद यज्ञ भगवान में अग्नि आह्वान स्थापित करते हुए सवा दो लाख यज्ञ आहुतियों के साथ संकल्प संपन्न हुआ। इस दौरान नर सेवा ही नारायण सेवा है का संदेश दिया।

कथा व्यास पूर्णानंद शरण दास ने कहा कि पावन ग्रन्थ "श्री अघ विनास" में रचित और सतनामी भक्तजन के लिए श्रीमद् भागवत के सामान पवित्र और प्रज्ञापूरित है, जिसमें हरि अर्थात ईश्वर के गुणों का प्रभावशाली वर्णन है। इसमें सतनामी भक्तजनों को ज्ञान की प्राप्ति होती है। हमारे सतगुरु ने जाति भेद, वर्ग भेद और धर्म भेद के सर्वात्म प्रेम और मानववाद का संदेश दिया है। साहब कहते है कि ईश्वर सर्वोपरि है, वो तो भूतमात्र के ह्रदय में निवास कर रहा अंतर्यामी है, जिसकी पहचान सिर्फ ह्रदय में ही हो सकती है। साहब कहते है कि मनुष्य का धर्म यानि कर्तव्य है ईश्वर को चाहना और उसी को पाना अर्थात उसी की शरण में अपना चित लगाना और उसी में लीन हो जाना। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस पावन धरा पर जन कल्याण के लिए आये है, परन्तु आजकल मनुष्य इतना अधिग्रहणशील होता जा रहा है कि वो ईश्वर प्राप्ति और जन कल्याण को को छोड़कर निज कल्याण में लगा हुआ है और स्वयं के लिए साधन जुटाने में लगा हुआ है जिसका जन हित से कोई संबंध ही नहीं हैं। साहब कहते है कि ईश्वर ही सब कुछ है उसी के सहारे हम सब है, वरना हम सब बस एक कंकर सामान है, जिसे एक दिन इसी माटी में मिल जाना है। इसीलिए साहब कहते हैं कि अपना समय और जीवन व्यर्थ ना करते हुए हमें उसी परम सत्य (ईश्वर) को हासिल करना हैं अन्यथा हम उसी कर्म जाल में बंधते जायेंगे। साहब ने परमारथ अर्थात दूसरे की भलाई करना एवं निस्वार्थ भाव से किये गए कर्म को उत्तम कर्म बताया हैं।

साहब कहते हैं कि मनुष्य को अन्तर्मुखी या बहिर्मुखी ना होकर एक मध्य रास्ता उभयमुखी का लेना होगा, ताकि हम अपनी ओर भी केंद्रित रह सके और जनहित के लिए भी कार्य कर सके। इस मौके पर महंत राज किशोर चौधरी, उदय राज चौधरी, बृजेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, गिरिजा प्रसाद उपाध्याय, चौधरी अनुराग वर्मा, भाजपा नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा विधु सिंह, नगर महिला मोर्चा महामंत्री रागिनी सिंह, जिला मंत्री कृष्णा चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में तोड़ दिया गरीब का आशियाना

**ऊंचाहार, रायबरेली।** जमीनी विवाद में एक गरीब के आशियाने को गांव के कुछ लोगों ने तोड़कर तहस नहस कर डाला। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव झालाबाग मजरे डिडौली का है। गांव की रहने वाली गुलाब कली का कहना है कि वह गांव में अपने घर के सामने बैठकर छप्पर का ठाठ बना रही थी, तभी गांव के कुछ लोग पहुंचे और उसके घर में तोड़फोड़ करने लगे। महिला ने उनका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की गई। महिला का आरोप है कि उन लोगों ने उसके घर को पूरी तरह तोड़ डाला है। पीड़िता ने कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# हर गरीब को मिल रहा योजनाओं का लाभ : बीएल संतोष

**बैठक**

▸▸ भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजकों से जानीं चुनाव की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बैठक को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष।


बैठक में मौजूद शक्ति केंद्र संयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में बुधवार को भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक हुई। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने चुनाव तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मोदी सरकार के विकास कार्यों के साथ विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि इस बार 400 सिर्फ नारा नहीं है, बल्कि हर भाजपा कार्यकर्ता का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हर गरीब को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने हर कार्यकर्ता से मैं, मेरा परिवार और अन्य तीन परिवार को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत जितना अधिक होगा, भाजपा की जीत का अंतर भी उतना अधिक होगा। ट्रैक रिकॉर्ड है कि भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। भाजपा की सभी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अबकी बार देश में दक्षिण से उत्तर तक व पूरब से पश्चिम तक कमल खिलेगा।

बीएल संतोष ने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि गुंडई के चलते 2017 के पहले प्रदेश में इन्वेस्टमेंट शून्य था, मगर अब भाजपा सरकार में चुस्त सुरक्षा व्यवस्था से इन्वेस्टमेंट में यूपी अग्रणी प्रदेश बन गया है। रामलला को 27 वर्ष तक टेंट में रखने व राम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस को जनता चुनाव में सबक सिखाएगी। बैठक की शुरुआत भाजपा के संस्थापकों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा सहित सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

### कोर कमेटी के साथ राष्ट्रीय महामंत्री ने की समीक्षा

राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बंद कमरे में वार्ता करके चुनाव तैयारियों की समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, प्रत्याशी राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य और अमरीश रावत समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## एएसडी सूची में नाम आने पर अनुलग्नक-14 भरने के बाद दे सकते हैं वोट

**मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, **अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी की सहायक अध्यापिका सपना चावला ने मतदाताओं के एएसडी (अब्सेंट, शिफ्टेड व डेथ) सूची से जुड़े सवाल का जवाब अपने चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर भेजें। अमृत विचार चित्रों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।




**एक नजर**

### 210 ग्राम स्मैक के साथ शातिर गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली पुलिस ने मंगलवार की रात बनियातारा पुलिया के निकट 210 ग्राम स्मैक के सथ एक शातिर को दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी थाना रामनगर अन्तर्गत ग्राम रानी बाजार निवासी अजय कुमार है। मसौली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद कोतवाली सहित कई थानों में आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक चोरी और लूट के मुकदमे दर्ज हैं। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### जांच के दौरान पकड़ा गया वांछित अपराधी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया चौराहे पर बुधवार को जांच के दौरान पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रह कुम्हारन पुरवा मजरे अलादादपुर चौरी निवासी अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव कार्मिक आज से डालेंगे वोट

## जीजीआईसी में बनाया गया फैसीलिटेशन सेंटर, 15 मई तक कर सकेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी नौ से 15 मई तक शहर के जीजीआईसी में बनाए गए फैसीलिटेशन सेंटर पर डाक मत पत्र से मतदान करेंगे। इससे पहले उन्हें मौके पर ही फार्म भरने की कार्रवाई पूरी करनी पड़ेगी। सेंटर पर विधानसभावार कक्ष बनाए गए हैं। इसे लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने एसपी दिनेश सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचकर तैयारियों को देखा।

20 मई को मतदान होना है। मतदान कार्मिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उन्हें डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए शहर के जीजीआईसी में बनाए गए फैसीलिटेशन सेंटर पर अलग-अलग कक्षों में मतदान कक्ष बनाए गए हैं। मतदान की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी।

**इस तरह बनाए गए मतदान कक्ष:** 9 से 15 मई के बीच सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जिले में तैनात मतदान कार्मिकों के लिए केडी सिंह बाबू ब्लॉक के कक्ष नंबर एक में विधानसभा कुर्सी, कक्ष नंबर दो में रामनगर, कक्ष नंबर पांच में बाराबंकी, कक्ष नंबर छह में जैदपुर और कक्ष नंबर तीन में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निवासी कार्मिक बैलेट पेपर से वोट डालेंगे। कक्ष नंबर चार में अयोध्या संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रुदौली व दरियाबाद क्षेत्र के कर्मचारी वोट डालेंगे। इसी प्रकार 13 से 15 मई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ऐसे कार्मिक जो अन्य जिलों में तैनात हैं, ऐसे कर्मचारी व्यावसायिक कक्ष नंबर तीन में पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। इनमें बाराबंकी और अयोध्या के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात कर्मचारी शामिल हैं।

इसी तरह पुलिस, वीडियोग्राफर, ड्राइवर, क्लीनर और अन्य कर्मचारी जो चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, वह भी इसी तारीख में व्यावसायिक कक्ष नंबर चार में मतदान करेंगे। जबकि आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मी भी 13 से 15 मई के बीच सुबह 9 से शाम 5 बजे तक व्यावासायिक कक्ष नंबर एक में मतदान करेंगे। वहीं मतदान कार्मिक जिनकी ड्यूटी उसी निर्वाचन क्षेत्र में लगी है, जहां के वह वोटर हैं, ऐसे कार्मिक केडी सिंह बाबू ब्लॉक परिसर में अपना ईडीसी प्राप्त कर सकेंगे। इनमें बाराबंकी और अयोध्या संसदीय क्षेत्र के सभी कार्मिक शामिल रहेंगे।

### ईवीएम में आज से सेट किये जाएंगे प्रत्याशियों के नाम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नवीन मंडी स्थल में ईवीएम में प्रत्याशियों के नामों की सेटिंग का कार्य समेत पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतगणना के कार्य होंगे। ये कार्य सीसीटीवी की निगरानी में होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को अधिकारियों के साथ नवीन मंडी स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया ।ईवीएम के रेंडमाइजेशन के बाद गुरुवार से विधानसभावार छंटनी की गईं ईवीएम के बैलेट यूनिट में चुनाव मैदान में उतरे 13 प्रत्याशियों के नाम, चुनाव चिह्न की सेटिंग की जाएगी। यह कार्य दो से तीन दिन तक चलेगा । बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नवीन मंडी स्थल पहुंच कर स्ट्रांग रूम, मतगणना आदि की तैयारियों के परखा। कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी जगह पर आवश्यकता अनुसार बैरिकेंडिंग कराई जाए। ईवीएम की कमीशनिंग से लेकर स्ट्रांग रूम, मतगणना आदि सभी कार्यों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे। इस मौके पर एसपी दिनेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## चेक पोस्टों पर अब तक 32,333 वाहनों की हुई जांच

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे के अंतराल पर एक-एक स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है। 26 अप्रैल से आठ मई तक कुल 32,333 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गई है।

प्रभारी उड़न दस्ता/ स्थायी निगरानी टीम, जिला वन अधिकारी आकाश दीप वधावन ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 09 उड़नदस्ता टीमें गठित हैं। उन्होंने बताया कि आठ मई को 3891 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए के पास लगी आग

**तकनीकी खामी**

▸▸ गोरखपुर से लखनऊ जा रही थी, एक घंटा रुकी रही ट्रेन

रामनगर, बाराबंकी


ट्रेन के पहिए की आग बुझाता कर्मी।

**अमृत विचार :** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में बुधवार को ब्रेक बाइंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। करीब एक घंटा तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। इस दौरान यात्री परेशान रहे। लोको पायलट और गार्ड द्वारा आग बुझायी गयी। इसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। इस बात की जानकारी मिलते ही गार्ड और लोको पायलटों ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका। इसके बाद नीचे पहिया के पास लगी हुई आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाया। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ रवााना की गई। पहिये के पास आग लगने के कारण सुबह 10 बजे रोकी गई ट्रेन आग बुझाने के बाद करीब एक घंटा बाद गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।



## एक नजर

### 455 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र कुर्सी के ग्राम मोहसंड निवासी इमरान उर्फ बबलू व यहीं के निवासी शेरअली को 455 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख पुलिस ने बुधवार को ग्राम नेवली निवासी राधेश्याम को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### करंट की चपेट में आकर लाइनमैन झुलसा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम शहरी में हाईटेंशन लाइन पर टैपिंग करते समय अचानक करंट चालू हो जाने से बुधवार को संविदा लाइनमैन विजय गंभीर रूप से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरण के सभी लाईन पर काम कर रहे थे। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत शशि कटियार ने बताया कि बिना शट-डाउन लिए कार्य हो रहा था। संविदामैन का इलाज कराया जा रहा है।

### दबिश में 37 लीटर कच्ची शराब बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में बुधवार को विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गयी। इस दौरान 37 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। लखेचा, मौधरी थाना सतरिख, ग्राम खर्चा अलियाबाद थाना दरियाबाद, ग्राम पूरे धनाई का पुरवा, मिर्चिया थाना असन्द्रा, ग्राम बेहड़पुरवा, बसारा थाना कुर्सी, ग्राम मुस्कबाद थाना सफदरगंज, ग्राम जैतपुर, पुरैना थाना रामनगर में दबिश दी गयी।

# खराब होने पर 15 से 30 मिनट में पहुंचेगी नई ईवीएम



रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराब होने पर मतदान प्रक्रिया ज्यादा देर तक प्रभावित नहीं होगी। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी कर ली है। कम से कम 15 मिनट और अधिकतम 30 मिनट में दूसरी ईवीएम बूथ पर पहुंच जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम को अपग्रेड किया जाएगा। हर सेक्टर पर एक टीम को तैनात रहेगी। साथ ही, हर सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के पास दो-दो ईवीएम उपलब्ध रहेंगी।

तीन चरणों में हुए लोकसभा चुनाव में देखने में आया है कि कई बूथों पर वोटिंग के दौरान ईवीएम में खराबी आने से मतदान प्रभावित हुआ। वहीं इसे लेकर पार्टियों द्वारा आरोप-प्रत्यारोप लगने व कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। जिले में ऐसी स्थिति न आए इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारियां की गई हैं। कलेक्ट्रेट में बनने वाले कंट्रोल रूम को अपग्रेड किया गया है।

कंट्रोल रूम पर एक सुपर नोडल अधिकारी तैनात किया जाएगा। हर विधानसभा सीट पर एक-एक सहायक नोडल अधिकारी तैनात किया जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर जिले को 21 सेक्टर और 189 सेक्टरों में बांटा गया है। इन दोनों मजिस्ट्रेटों पर चुनाव को बगैर किसी बाधा के संपन्न कराने की जिम्मेदारी रहेगी। इस संबंध में इन्हे प्रशिक्षित भी किया गया है। अगर मतदान के दौरान किसी बूथ पर ईवीएम में खराबी आती है तो पीठासीन अधिकारी इसकी सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देगा। इसके बाद आधे घंटे के अंदर ईवीएम बदलने की कार्रवाई की जाएगी।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि मतदान के दिन सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के पास भी रिजर्व के रूप में ईवीएम रहेंगी। किसी बूथ पर खराबी आने इसे बदलवाया जाएगा। मास्टर ट्रेनर भी अलर्ट मोड में रहेंगे।

### सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के पास होंगी दो-दो ईवीएम

मतदान के दिन सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के पास दो-दो ईवीएम उपलब्ध रहेगी। साथ ही, सभी विधानसभा सीटों में केंद्र भी बनाए गए है। बूथ के अलावा ईवीएम संबंधित विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय पर बने स्ट्रांग रूम में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में रिजर्व के रूप में रखी जाएंगी ताकि अगर किसी सेक्टर या जोन में दो से अधिक ईवीएम की जरूरत पड़े तो यहां से ईवीएम मंगाई जा सके।

### डीआरडीए में बनेगा कंट्रोल रूम

इस बार डीआरडीएम सभागार में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। मतदान के दिन से दो दिन पहले इसका हेल्पलाइन नंबर भी जारी होगा। मतदान के दिन यहां तैनात कर्मचारी हर दो घंटे पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों से मतदान प्रतिशत की जानकारी लेकर उसे एक फार्मेट पर दर्ज करेंगे। और इसकी सूचना भारत निर्वाचन आयोग को भेजेंगे। यही नहीं चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी आदि की भी सूचना चुनाव कर्मी कंट्रोल रूम को देंगे। इसके बाद संबंधित व निकट के जिम्मेदार अधिकारी को इसके बारे में अवगत कराकर तत्काल मौके पर भेजा जाएगा।

# दो घंटे तक ठप रही ओपीडी सेवा

## सिरौलीगौसपुर संयुक्त चिकित्सालय में परेशान रहे मरीज

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यशैली से नाराज डाक्टरों ने एक बार फिर ओपीडी सेवाएं ठप कर दी और सीएमएस ऑफिस में जाकर बैठ गए। सीएमएस से वार्ता के बाद ओपीडी फिर शुरू की गई। बुधवार को सुबह आठ बजे से करीब दस बजे तक संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर की ओपीडी सेवाएं ठप रहीं। इस दौरान अस्पताल आए मरीज डाक्टर को दिखाने को लेकर परेशान रहे। घंटों बाद सीएमएस डा. नीलम गुप्ता के समझाने पर ओपीडी सेवाएं शुरू की गईं। तब मरीजों ने राहत की सांस ली।

बताते चलें बीते शनिवार को इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर से सिरौलीगौसपुर गांव के ही कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की थी। डॉक्टर की शिकायत पर कोतवाली बदोसरांय में मुकदमा दर्ज कराया गया था। दर्ज मुकदमे की नकल बुधवार को लेने के लिए डॉक्टर धीरेन्द्र पटेल ने अपने लोगों को कोतवाली भेजा था। जिसे देने में पुलिस ने देरी कर दी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी में बरती जा रही लापरवाही का आरोप लगाते हुए सभी डॉक्टर लामबंद हो गए और अस्पताल की ओपीडी सेवाएं बंद दीं। इसके बाद सीएमएस ने डॉक्टरों से वार्ता कर ओपीडी सेवाएं चालू करायीं। कुछ देर बाद ही पुलिस ने एफआईआर की नकल भी उपलब्ध करवा दी। बताते चलें विवाद के बाद अस्पताल में दूसरी बार ओपीडी सेवाएं बंद की गई हैं।



ओपीडी बंद कर सीएमएस ऑफिस में बैठे डॉक्टर। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यवसायी की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक 38 वर्षीय बीज भंडार व्यवसायी की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

कस्बा के कोठी वार्ड में पड़ने वाले यादव टोला के निवासी त्रिभुवन पुत्र बद्री विशाल कश्यप की सुबेहा तिराहे पर बीज भंडार की दुकान है। मंगलवार को भी वह घर से दुकान आये थे। परंतु देर रात तक वापस न आने पर पत्नी कंचन द्वारा फोन किया गया। फोन न उठने पर किसी अनहोनी की आशंका के चलते कंचन ने इसकी सूचना पड़ोस में ही रहने वाले अपने जेठ किशन कश्यप को दी। परिवार के लोग व्यवसायी की तलाश कर ही रहे थे कि तभी किशन के मोबाइल फोन पर कॉल आयी कि तुम्हारा भाई त्रिभुवन लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर तुम्हारे पालेसर के बाहर पड़ा तड़प रहा है। सूचना पाकर आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने त्रिभुवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पेट में अल्कोहल व सस्पेक्टेड प्वाइजनर के लक्षण पाए जाने पर गंभीर अवस्था के चलते उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने त्रिभुवन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं इस मामले में कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अभी मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



ग्राम चौपाल को संबोधित करते सपा नेता गोप। अमृत विचार

### देशवासियों से अन्याय कर रही भाजपा सरकार : गोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बुधवार को विधानसभा जैदपुर के ग्राम गाल्हामऊ में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में ग्राम चौपाल में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देशवासियों को न्याय दिलाने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार लगातार 10 वर्षों से देशवासियों के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा सरकार का घमंड चूर कर सत्ता से नीचे उतारने यही सही वक्त है। गोप ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार का घमंड हिमालय से भी ऊंचा हो चुका है। इस सरकार को जनता की दुख तकलीफों से कोई सरोकार नहीं। आप सब एकजुट होकर इस बार परिवर्तन के लिए वोट कीजिए और इंडिया गठबंधन का साथ दीजिए। ग्राम चौपाल में सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह एवं सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित क्षेत्र के प्रधान और बीडीसी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीएल पुनिया ने बूथ अध्यक्षों को दिया जीत का मंत्र

**बैठक**

- हैदरगढ़ में बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने बुधवार को पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत के साथ हैदरगढ के एक लॉन में हैदरगढ़ के बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला मे शिरकत की और उन्हें चुनाव में ऐतिहासिक जीत के गुरु मंत्र दिये। पूर्व सांसद पुनिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों की मोदी सरकार ने इस देश की जनता को झूठ और फरेब के अलावा कुछ नहीं दिया। देश में फैली बेरोजगारी, महंगाई, अराजकता, भ्रष्टाचार, पर न तो प्रधानमंत्री न ही कोई भाजपाई नेता अपना मुंह खोल रहा है। आज संसदीय क्षेत्र बाराबंकी ही नहीं पूरे देश में इंडिया गठबन्धन की आंधी चल रही है। हार के डर से भाजपा नेताओ की भाषा बदल गयी है। पूर्व सांसद राम सागर रावत व पूर्व विधायक राममगन रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। देश का अन्नदाता परेशान है, नौजवान डिग्री लेकर सडक पर घूम रहा है। भाजपा सरकार को आम जनता की परेशानियो से कोई लेना देना नही है।



सम्मेलन में मौजूद पूर्व सांसद पीएल पुनिया व पूर्व सांसद रामसागर रावत।

### किसान विरोधी है भाजपा सरकार : तनुज



**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को रामनगर की न्याय पंचायतों में जनसंपर्क किया। उनके साथ रामनगर के सपा विधायक के पुत्र फैजान किदवाई भी मौजूद रहे। इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि देश की मोदी सरकार ने किसानों के आन्दोलन को कुचला। किसान विरोधी सरकार को विदा करने का वक्त आ गया है। तनुज पुनिया ने कहा कि इंडिया गठबन्धन की सरकार बनते ही पहला काम किसान का कर्जा माफ होगा।

# किसानों की आय तो नहीं महंगाई हुई दोगुनी : टिकैत

**कार्यक्रम**

- किसान नेता मुकेश सिंह को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के किसान नेता मुकेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को बंधौली गांव स्थित उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के बाद राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन महंगाई जरूर दोगुनी हो गई है। उन्होंने अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए कहा कि आज अग्निवीर चार साल और नेतावीर के लिए 80 साल की योजना है। यह सरकार भाजपा की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों की है। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों के कर्ज माफ करने के वादे को लेकर कहा कि सभी दलों ने किसानों के मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल किया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत। अमृत विचार

**मुकेश ने किए ऐतिहासिक कार्य:** किसान नेता मुकेश सिंह को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि वह एक ऐसे शख्स थे, जिन्होंने ऐतिहासिक काम किये। उन्होंने एक रिकॉर्ड बनाया कि कैसे सामूहिक शादियां करवाई जाती हैं। उन्होंने रक्तदान जैसे तमाम सार्वजनिक कार्य कराये जो आज भी मिसाल हैं। मुकेश के प्रयासों का ही नतीजा है बाराबंकी ने प्रदेश में अलग जगह बनाई। किसान, मजदूर, दुकानदार, व्यापारी और राजनीतिक दलों ने भी हमेशा मुकेश का साथ दिया। उनके सभी कार्यों को वैसे ही आगे बढ़ाना, हम सभी का फर्ज है।



मुकेश सिंह की पुण्यतिथि पर मौजूद राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

### मुकेश ने हमेशा किसानों के लिये किया संघर्ष : शर्मा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भाकियू के जिलाध्यक्ष रहे मुकेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि भिटरिया छोटी हनुमान गढ़ी पर मनाई गई। किसानों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष शान्ति भूषण सिंह ने कहा कि किसान नेता मुकेश ने अपना जीवन किसानों की लड़ाई में व्यतीत किया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि मुकेश ने हमेशा किसानों के लिए संघर्ष किया। इस दौरान राज्यमंत्री सतीश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख चंद्र शेखर वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह, देव प्रकाश तिवारी, मिथलेश आचार्य, तहसील अध्यक्ष रामसनेहीघाट शिव कुमार सिंह, महिला तहसील अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, संतोष कुमार, सतीश कुमार, जगदम्बा यादव, सोनू वर्मा आदि ने किसान नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**युवा संवाद** — जनेस्मा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गीतों के माध्यम से प्रभात दीक्षित ने बांधा समां

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी : एसडीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के सभागार में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बुधवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम श्वेता मिश्रा ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी सरकार और जनप्रतिनिधि को चुनने के लिए खुद तो मतदान करें ही लोगों को भी प्रेरित करें।

प्राचार्य डॉ. सीताराम ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मताधिकार हम सबका दायित्व है। वोट देकर हम ऐसी सरकार बनाते हैं कि जो जनहित में कम करे। हम सबको बढ़ चढ़कर मतदान करना ही नहीं बल्कि और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। युवा संवाद कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिले के प्रख्यात संगीतकार प्रभात दीक्षित ने गीत के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जोश पैदा किया। प्रभात दीक्षित की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने गीत के माध्यम से मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने एक वोट की कीमत बताई। मुख्य अतिथि एसडीएम श्वेता मिश्रा ने रंग जमेंगे मतदान करेंगे गीत का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रो. हेमंत सिंह, प्रो. अनिता सिंह, प्रो. अनुपमा श्रीवास्तव, प्रो. मनीष पांडे, प्रो. विजय वर्मा, प्रो. संतोष गौड़, प्रो. रीना सिंह, प्रो. माधुरी वर्मा सहित महाविद्यालय के कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




युवा संवाद कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम व अन्य लोग। अमृत विचार

### निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी नगर पंचायत में चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ लोगों ने पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। ईओ मोहनी केसरवानी के नेतृत्व में बुधवार को ढोल नगाड़े के साथ रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली नगर पंचायत के आधा दर्जन वार्डों के मुख्य मार्गों से निकाली गई। ईओ ने नुक्कड़ सभा कर मतदाताओं को उनके मताधिकार के लिए जागरूक किया।

### मोदी सरकार ने जो कार्य किये वह किसी ने नहीं किये : गंगवार

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हर तबके के लिए सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास कार्य मोदी सरकार ने किया, वह किसी ने नहीं किया। ये उद्गार राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रतापगंज में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मण्डल अध्यक्ष विनीत वर्मा के संयोजन में चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि अब का पूरा पैसा बटन दबाते ही लाभार्थी के खाते में पहुंच जाता है। इस मौके पर डॉ. हरिनाम सिंह, राकेश पटेल, संदीप वर्मा, संत प्रसाद, अजीत, गुड्डू, हर्षित, कुंज विहारी, शांति स्वरूप आदि थे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षामित्र की पत्नी को दी आर्थिक सहायता



शिक्षामित्र की पत्नी को सहायता प्रदान करते बीईओ व शिक्षक संघ के पदाधिकारी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय दिलौना के शिक्षामित्र वंशराज के आश्रित परिवार को 1,32,650 रुपये नकद एवं 18,500 हजार रुपये ऑनलाइन माध्यम से सहायता प्रदान की गयी। बीईओ बनीकोड़र चंद्रशेखर यादव के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र प्रकाश मिश्र, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोम प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरि शंकर वर्मा के साथ शिक्षामित्र के घर धनौली ठाकुरान जाकर उनकी पत्नी को सहायता राशि प्रदान की गयी।

### प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलझाएं आपसी मामले



शिविर में मौजूद सचिव व महिलाएं।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को प्रधिकरण के सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एडीआर भवन में प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक वादों के निस्तारण विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि घर परिवार में आपसी मतभेद हो जाते हैं। उस परिस्थिति में व्यक्ति क्रोधित होकर मुकदमें पंजीकृत कराने के लिए उत्सुक हो जाता है। ऐसे मामले पति-पत्नी के बीच भी हो जाते हैं, जिससे दाम्पत्य जीवन में समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। मुकदमों से बचने के लिए व्यक्ति अपने वैवाहिक विवादों को सुलझाने के लिए प्री-लिटिगेशन स्तर पर प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दाखिल करा सकते है, जिससे सुलह-समझौता के जरिये वाद का निस्तारण शीघ्र कराया जाता है। जिससे समय व धन की बचत होती है। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि प्राधिकरण में फ्रंट ऑफिस स्थापित है। जिसमें पैनल अधिवक्ताओं की प्रतिदिन ड्यूटी लगायी जाती है। जिससे कोई भी विधिक जानकारी ले सकता है।

### मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला की लूटी चेन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पचघरा में बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरे मार्निंग वाक से लौट रही महिला के गले से सोने की चेन खींच ले गए। घटना के दौरान चेन पकड़ लेने से उसका एक हिस्सा महिला के पास रह गया। उसकी चीख पुकार सुन कर एकत्र हुए लोगों ने तलाश की लेकिन लुटेरों का सुराग नही लगा। लुटेरे बिना नम्बर बाइक पर सवार थे। घटना के बाद भाग रहे लुटरों की फुटेज सीसीटीवी में कैद हुई है। देवेंद्र उर्फ मुकेश त्रिपाठी उप निबंधक कार्यालय फतेहपुर में बतौर लिपिक कार्य करते हैं। रोज की तरह सुबह करीब छह बजे पत्नी कंचन के साथ वह सुबह सैर के लिए गए थे। लौटते समय देवेंद्र कुछ देर श्री शक्तिधाम परिसर में रुक गए। अकेले लौट रही कंचन घर के पास पहुंची ही थी कि पीछे से अचानक आए दो बाइक सवारों ने उनकी चेन नोच ली। हड़बड़ाहट में कंचन ने चेन पकड़ ली तो टूट कर एक हिस्सा उनके हाथ मे रह गया। उनकी गर्दन पर चोट के निशान आए। बाइक पर दो लोग सवार थे। बाइक चला रहे युवक ने हेल्मेट पहन रखा था। पीछे बैठा युवक नकाबपोश था। देवेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हैंडपंप को कराया गया ठीक

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** चन्द सिहाली के भिखारीपुर गांव में अस्पताल मोड़ पर लगे हैंडपंप को ब्लॉक के अधिकारियों ने अमृत विचार में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर ठीक करा दिया। कई महीनों से भैरमपुर, चन्द्र सिहाली, दुर्गापुर नौबस्ता आदि गांवों में लगे सरकारी हैंडपंप भीषण गर्मी में भी पानी नही दे रहे थे। इसे अमृत विचार ने भीषण गर्मी में सूख रहे लोगो के हलक, मरम्मत के अभाव में दर्जनों हैंडपंप खराब नामक शीर्षक से 30 अप्रैल के अंक में प्रकाशित किया था। इसके बाद बीडीओ के निर्देश पर चन्द सिहाली पंचायत सचिव ने भिखारीपुर गांव में अस्पताल मोड़ पर लगा हैंडपंप सही करा दिया है इससे अब आस पास के लोगो को पानी के लिए इधर उधर नही जाना पड़ेगा।

### पड़ोसी पर लगाया बेटी को भगाने का आरोप

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ईंट भट्टे पर परिवार के साथ काम करने वाले एक श्रमिक की बेटी को पड़ोसी के भाई के द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीतापुर के महोली थाना क्षेत्र का एक परिवार सतरिख थाना क्षेत्र के एक भट्ठे पर श्रमिक का काम करता है। आरोप है कि लखीमपुर के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव का रहने वाला युवक सोनू बहन- बहनोई के वहां आता जाता था। यही लोग उसकी बेटी को भगा ले गए। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि सोनू और उसके बहन बहनोई समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सतरिख थाना क्षेत्र करौदी कला मोड़ के पास पुलिस जांच कर रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर करौंदी गांव की ओर भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर उसको दौड़कर पकड़ लिया, और उसकी जामा तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी राधेश्याम, निवासी नेवली थाना सतरिख को जेल भेज दिया है।।

### दुष्कर्म का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते सात मई को घर से स्कूल के लिए निकली 10 वीं की छात्रा को रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने जबरन बाइक पर बैठाकर सरसवां के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता के शोरगुल मचाने पर दोनों युवक मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी शिवम मौर्या निवासी रानीगंज को भट्ठा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर 98 हजार ठगे

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक शख्स ने एक व्यक्ति से 98 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने देवा कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर कस्बा निवासी मोहम्मद अरमान ने देवा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कोडरी मजरे जोलिया बनारसपुर निवासी मोहम्मद जुबेर ने उससे सऊदी अरब में नौकरी दिलाने व वीजा बनवाने के नाम पर 98 हजार रुपये ले लिए और वीजा भी नहीं बनवाया। जब पीड़ित ने उसे पैसे की मांग की तो वह आनाकानी करने लगा और फोन पर धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत मोहम्मद अरमान ने देवा कोतवाली में की है। प्रभारी निरीक्षक देवा अनिल कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व एमएलसी की माता का निधन

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव उर्फ राजू की माता रामदुलारी (85) का बुधवार सुबह निधन हो गया। देर शाम उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान निंदूरा ब्लॉक कुर्सी के बोहइया गांव में किया गया। सूचना मिलते ही जनपद के समस्त कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व नेताओ ने पहुंचकर अंतिम दर्शन किए। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, तनुज पुनिया, विधायक सुरेश यादव, विधायक हाजी फरीद किदवई, डॉ. विकास यादव और पूर्व विधायक राम गोपाल रावत समेत कार्यकर्ता व नेता शामिल हुए। वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राजेश यादव की माता के निधन पर शोक संदेश भेजा है।

## एक नजर

### बुलेट की टक्कर से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुलेट के टक्कर मार देने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में चालक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया गया है। बीते मंगलवार की शाम को करौदी कला थाने के गौरा टिकरी गांव के कृपा शंकर वर्मा साइकिल से घर जा रहे थे। सूरापुर बाजार में राम नयन की दुकान के पास बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सुनील की तहरीर पर पुलिस ने खालिसपुर मुबारकपुर के बुलेट चालक सचिन के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती 9 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सूर्यबली सिंह विशेष अतिथि होंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि शहर के क्षत्रिय भवन में जयंती समारोह गुरुवार को सुबह 11 बजे से होगा।

### मदन बने नगर पालिका में स्वच्छता एंबेसडर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था गोमती मित्र मंडल समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन को नगर पालिका ने स्वच्छता एंबेसडर नियुक्त किया है। स्वच्छ भारत मिशन–राज्य मिशन निदेशालय के निदेशक डॉ. नितिन बंसल के निर्देश पर नगर पालिका ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। गोमती मित्र मंडल शहर व जिले के विभिन्न स्थलों पर साफ सफाई की जिम्मेदारी वर्षों से निभाता चला आ रहा है। इस नियुक्ति पर संगठन एवं जिले वासियों ने खुशी जताई है।

# सड़े चावल की डिलीवरी से चालक का इनकार

## एफसीआई के गोदाम में सड़े चावल की फोटो वायरल होने पर प्रशासन ने बनाई जांच टीम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को अनाज देने के लिए उचित दर विक्रेताओं के यहां तक डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। डोर स्टेप डिलीवरी के लिए गोदाम पर पहुंचे ट्रक चालक को जब सड़ा हुआ चावल दिखा तो ले जाने से इंकार कर दिया। सड़े हुए चावल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जिम्मेदारों में हडकंप मच गया है। प्रशासन ने जांच टीम बनाई है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को निशुल्क राशन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं लाभार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। बुधवार को डोर स्टेप डिलीवरी के तहत गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इनायतपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम की गोदाम से ट्रक पर चावल लोड किया जा रहा था। इसी बीच ट्रक चालक ने जब देखा कि चावल सड़ा हुआ है तो डोर स्टेप डिलीवरी से इंकार कर दिया। सड़े हुए चावल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिम्मेदारों के काला कारनामा डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदारों द्वारा इंकार करने पर सामने आया। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य का नंबर स्विच ऑफ जा रहा है।

> कूरेभार पूर्ति निरीक्षक नन्हें सिंह, मार्केटिंग इंस्पेक्टर मानवेंद्र चौधरी, भारतीय खाद्य निगम के अनिल निषाद गोदाम में जांच के लिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। **–आनंद स्वरूप भारती,** प्रभारी जिला खाद्य एवं विपणन विभाग



एफसीआई के गोदाम पर खराब चावल की बोरियां। अमृत विचार

**फोर्टिफाइड चावल की जगह भेजा जा रहा था सड़ा चावल**

लाभार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सामान्य चावल में फोर्टिफाइड चावल मिलाया जाता है। तकनीक की मदद से फोर्टिफाइड चावल में विटामिन व खनिज मिलाएं जाते है। जिससे लाभार्थियों के आहार में पोषक तत्वों को पूरा किया जा सके उनको स्वास्थ्य लाभ मिल सके। लेकिन महकमे द्वारा लाभार्थियों को सड़ा चावल भेजा जा रहा था।

# सीआरओ ने किया सात अभियुक्तों को तड़ीपार

▸▸ **लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की गई कार्रवाई**

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर सात अभियुक्तों को तड़ीपार कर दिया गया है। जिला बदर किए गए अभियुक्त कोर्ट पेशी के अलावा अगले छह माह तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकते हैं।

मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि जिला बदर किए गए अभियुक्तों में धनपतगंज के मायंग गांव के रहने वाले अतुल सिंह, चंचल सिंह, अभिनव सिंह, धम्मौर थानाक्षेत्र के समनाभार कटरा गांव के रहने वाले सगे भाई अखिलेश और रमेश, धम्मौर थानाक्षेत्र के खेतकुरी मनभौना गांव के रहने वाले विकास कुमार शामिल है। इसके अलावा धम्मौर थानाक्षेत्र के रामपुर के रहने वाले रवीकरन सिंह पर भी जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। सीआरओ ने बताया कि ये अभियुक्त ट्रायल केश की पेशी को छोड़कर जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। जिलाबदर के दौरान जहां भी रहेंगे पुलिस प्रशासन और थाने को सूचना उपलब्ध कराएंगे। यह कार्रवाई इसलिए की गई है कि इन अभियुक्तों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सीआरओ की कार्रवाई से अन्य अपराधियों में भी हड़कंप मचा है।

# संघ ने दी परीक्षा बहिष्कार की चेतावनी

- **ग्रीष्मावकाश में परीक्षा कराने के विरोध में कुलपति को संबोधित ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिक्षक संघ ने मई व जून माह में प्रस्तावित विश्वविद्यालीय परीक्षाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को संघ की एक बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रो. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सभी महाविद्यालयों में पत्र भेजकर ग्रीष्मावकाश में परीक्षा बहिष्कार सहित अन्य मुद्दों पर शिक्षकों का समर्थन मांगा था। जिसमें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने सर्वसम्मति से शिक्षक संघ के निर्णय के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। बैठक के बाद शिक्षकों ने प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी को कुलपति को संबोधित पत्र ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शिक्षक संघ महामंत्री डॉ. इन्द्रमणि कुमार, डॉ अभय सिंह, डॉ. यशवंत सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. रंजना पटेल, सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. आलोक पांडेय व विनय कुमार विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते महाविद्यालयीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

# लेखाधिकारी से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त एवं लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्र से मुलाकात की। शिक्षक नेताओं ने वार्ता के दौरान बताया कि अग्रिम टैक्स कटौती कम करने, समस्त प्रकार के एरियर भुगतान ऑनलाइन करने, लंबित चयन वेतनमान लगाने, बीते वर्ष का रुका बोनस भुगतान की मांग की। जिस पर वित्त एवं लेखाधिकारी ने बताया कि बिल ट्रेजरी भेजा गया था। कुछ आपत्ति लगी थी जिससे भुगतान नहीं हो पाया। साथ ही अन्य समस्याओं के निदान के बात कही। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पांडेय, जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी आदि रहे।

# सपा प्रत्याशी, विधायक व समर्थकों पर केस

- **आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला**

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान सपा प्रत्याशी और समर्थकों द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का केस थाना धनपतगंज में दर्ज किया गया है।

मामले के अनुसार सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद के साथ पार्टी के इसौली विधायक मो. ताहिर खां ने सोमवार को प्रचार के दौरान धनपतगंज के पीरो सरैया अस्थाई पंचायत भवन में कार्यकर्ताओं के साथ जनसम्पर्क किया था। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पोर्टल पर आपत्ति दर्ज कराते हुए चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की थी। मामले को संज्ञान लेते हुए स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने जांच करायी। जिसमें प्रकरण सही पाया गया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने आचार संहिता के उल्लंघन में दोषी पाये जाने पर सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद तथा पार्टी विधायक मो. ताहिर खां और कुछ अन्य अज्ञात समर्थकों के खिलाफ थाना धनपतगंज मे धारा 188 के तहत चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया है। विदित होगा कि दो दिन से सोशल मीडिया पर यह मुद्दा छाया हुआ है। धनपतगंज थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तहरीर सपा प्रत्याशी और उनके समर्थकों के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।



अस्थायी ग्राम सचिवालय पर सपाइयों की मीटिंग की वायरल फोटो।

# फंदे से लटकता मिला युवती का शव

- **मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप, पांच साल पहले दोनों ने घर से भागकर की थी कोर्ट मैरिज**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को एक युवती शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवती के पिता ने पुत्री की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के दरपीपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार धुरिया पुत्र राम कुमार ने गांव के ही प्रेम चंद्र निषाद की पुत्री रीता से प्रेम विवाह किया था। क़रीब पांच साल पहले दोनों घर से भागकर लखनऊ में कोर्ट मैरिज कर लिया था। दोनों का दाम्पत्य जीवन सुखमय था, लेकिन धीरे धीरे रिश्ते में खटास आने लगी। हालत यह बन गए कि पति पत्नी में आए दिन विवाद होने लगा। मंगलवार की शाम भी दोनों में विवाद हो गया था। बुधवार की सुबह रीता का शव कच्चे मकान में बांस की लकड़ी पर साड़ी के सहारे लटकता दिखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर मजिस्ट्रेट प्रदीप मिश्रा, कोतवाल प्रेमचंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज सेमरी संजय कुमार राय, बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज रामराज मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में विवाहिता का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जयसिंहपुर कोतवाल प्रेमचन्द सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पिता ने हत्या का आरोप लगाया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।



जयसिंहपुर में युवती की मौत के बाद रोते–बिलखते परिजन।

# बार की त्रैमासिक आय व्यय का लेखा पेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** बार एसोसिएशन ने बुधवार को त्रैमासिक आय, व्यय का लेखा जोखा सूचना बोर्ड पर चस्पा किया। फरवरी, मार्च व अप्रैल का त्रैमासिक आय में फार्म बिक्री, सदस्यता शुल्क, प्रदर्शनी किराया व दुकान किराये से कुल 37 लाख 81 हजार 730 रुपए की आय हुई। वहीं त्रैमासिक कुल व्यय 20 लाख 46 हजार 352 रुपए हुआ। बार महासचिव आर्तमणि मिश्र ने बताया कि आय व्यय के बाद बार एसोसिएशन की कुल त्रैमासिक बचत 17 लाख 35 हजार 378 रुपए की हुई है। महासचिव ने बताया उपरोक्त व्यय में से अधिवक्ताओं को सहायतार्थ व मरणोपरांत 12 लाख 64 हजार 500 रुपए दिए गए हैं।

# गोमती नदी में नहाते समय प्रतापगढ़ के दो युवक डूबे

▸▸ **एक को बाहर निकाल लिया गया दूसरे की तलाश जारी**

▸▸ **दाह संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे इब्राहिमपुर घाट**

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के सकरदे गांव के इब्राहिमपुर घाट पर दाह संस्कार में शामिल होने आए दो युवक गोमती नदी में डूब गया। एक को तो ग्रामीणों ने बचा लिया, लेकिन दूसरे का पता नहीं चल सका। गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है।

प्रतापगढ़ जिले के कोटिया गांव थाना देवसरा के शोभनाथ पुत्र नन्हकू के दाह संस्कार में आये दो युवक श्यामू राव (21) पुत्र मुरली राव निवासी ग्राम मढरामऊ और राहुल कुमार (20) पुत्र शमसेर निवासी ग्राम पतरा थाना आसपुर देवसरा नदी में नहाने चले गए। नहाते समय दोनों नदी के बीच चले गए और डूबने लगे। हल्ला गुहार पर किनारे मौजूद लोगों ने एक युवक श्यामू राव को बचा कर नदी से बाहर निकाल लिया, जबकि दूसरा युवक राहुल कुमार नदी में डूब गया। गांव के गोताखोरों द्वारा डूबे युवक की खोज की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से जानकारी हासिल कर डूबे युवक की तलाश में जुटी है।

# चोरी के शक में दो युवकों को पीटकर पुलिस को सौंपा

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार रात ग्रामीणों ने चोरी के आरोप में दो युवकों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

चांदा कोतवाली क्षेत्र के साढ़ापुर गांव में मंगलवार रात एक घर में चोरी करने की नियत से कुछ युवक घुसे। घर के अंदर आवाज आने के कारण परिजन जाग गए और दौड़ाकर उनमे से दो युवकों को पकड़ लिया। शोर होने पर पहुंचे गुस्साएं ग्रामीणों ने पकडे गये युवकों की जमकर पिटाई की। दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना गांव वालो ने चांदा पुलिस को दी। पुलिस दोनों को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया। उनकी पहचान विशाल (20) निवासी ग्राम साढ़ापुर थाना चांदा व जीतू (24) निवासी ग्राम लोकनाथपुर थाना दोस्तपुर के रूप में हुई। घायलों का इलाज अभी सीएचसी में ही चल रहा है। दोनों को काफी चोटे आई है। वही ग्रामीणों की मानें तो ये सभी पांच की संख्या में थे, जिनमें से तीन युवक भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों युवकों को गांव वालों ने रात में पकड़ा था। उन्हें चोर समझ कर मारा पीटा भी गया था। अभी उन दोनों का इलाज चल रहा है। इलाज के बाद उनसे पूछताछ करके कार्रवाई की जायेगी।

# परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित होंगे मेधावी

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** परशुराम जन्मोत्सव समारोह शुक्रवार को धर्मदासपुर लोहरामऊ में दिन में एक बजे मनाया जाएगा। ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चंद्र तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में मेधावी बच्चों एवं समाज के उत्कृष्ट लोगों को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, भवानी प्रसाद मिश्र, पदुम नाथ तिवारी, अरविंद तिवारी, दिलीप मिश्र, शिवाकांत तिवारी, योगेश तिवारी, गोटू शर्मा, मनोज शुक्ल, परशुराम पाठक, अशोक पाठक, गोपी मिश्र आदि मौजूद रहे।

# फुटबॉल में अमेठी ने सुलतानपुर को हराया

- **निशांत व नूर के गोल से अमेठी की झोली में गई ट्रॉफी**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को रामरति इंटर कॉलेज द्वारिकागंज में मंडल स्तरीय सुब्रतो कप जूनियर छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अमेठी, बाराबंकी सहित सुलतानपुर जिले ने भी प्रतिभाग किया।

पहले मैच में अमेठी ने बाराबंकी को 1-0 से हराया। अमेठी से सूर्यांश ने एक मात्र गोल किया। फाइनल मैच में अमेठी ने सुलतानपुर को 2-1 से हराया। अमेठी से निशांत सिंह और नूर मोहम्मद ने 1-1 गोल किया। अमेठी से आर्यन तिवारी, शिवा श्रीवास्तव, सानिध्य सिंह का खेल अति उत्तम रहा। सुलतानपुर से युवराज गुप्ता ने एक गोल किया। सुलतानपुर से एकमात्र गोल कैप्टन सनी धुरिया ने किया। सुलतानपुर से प्रवीण अनुभव पाल विजय नारायण सेन साहिल का खेल सराहनीय रहा। समापन पर प्रबंधक भूपेंद्र वर्मा प्रधानाचार्य रामजीत शाही ने खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। आयोजक राजेश कुमार कनौजिया ने प्रतियोगिता को सुचारू पूर्वक सम्पन्न कराया। रेफरी की भूमिका आशुतोष गुप्ता, आदित्य मौर्य, अवधेश ने निभाई। विजेता अमेठी की 16 सदस्यीय टीम 15 मई से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने लखनऊ जायेगी।



फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अवीहा आदिल को मिले 99 प्रतिशत अंक



**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के हमजापुर पठान गांव की अवीहा आदिल खान पौत्री हाजी अब्दुल रशीद खान ने आईसीएसई बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अबीहा आदिल खान सिटी मोंटेसरी स्कूल लखनऊ की छात्रा हैं। उनके पिता डॉक्टर आदिल रशीद खान एवं दादा स्वर्गीय अब्दुल रशीद खान कादीपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर परिजनों में खुशी की लहर है। लोग बेटी को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### तीन दिन से लापता हैं विपणन निरीक्षक, गुमशुदगी दर्ज



विपिन पटेल।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को ड्यूटी करके वापस गए विपणन निरीक्षक का मोबाइल बंद होने के बाद खोजबीन करने आए परिजनों ने नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। खाद्य एवं रसद विभाग में तैनात विपिन पटेल राजकीय विपणन गोदाम कुड़वार पर निरीक्षक के रूप में तैनात हैं। शनिवार को विपिन पटेल ड्यूटी पर आए थे उसके बाद वह अपने नगर कोतवाली स्थित आवास पर चले गए। सोमवार से उनका मोबाइल बंद हो गया उन्होंने कहीं भी जाने की विभाग में भी कोई सूचना नहीं दी। मंगलवार को तलाश करने आए परिजन विपणन कार्यालय सुलतानपुर पहुंचे, जहां से विपिन पटेल के बारे में कोई भी विभागीय जानकारी न होने के कारण परिजनों ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी डिप्टी आरएमओ आनंद स्वरूप ने बताया कि निरीक्षक विपिन पटेल 3 दिन से ड्यूटी पर नहीं आए हैं। उनके द्वारा कोई सूचना भी नहीं दी गई है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि लापता विपणन निरीक्षक के परिवारजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश की जा रही है।

### दो घरों से लाखों का सामान चोरी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लोहारिया ग्राम सभा में चोरों ने रात में लगभग एक बजे मुकेश यादव के घर में पीछे के रास्ते से छत पर पहुंचे और जीने के रास्ते से घर में प्रवेश कर अलमारी, बक्सा, बैग समेत कई सामान को छत पर उठा ले गए। सोने के जेवरात अंगूठी, कंगन, सिकड़ी, पायल, बिछिया, पायजेब समेत लाखों का सामान व नगदी उठा ले गए। वहीं दो सौ मीटर दूर हरिशंकर अग्रहरि के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया जहां से कई हजारों का सामान व नगदी उठा ले गए। परिजन जब सुबह उठे तो सारा सामान बिखरा देखकर दंग रह गए और डायल 112 पर इसकी सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है मुकेश कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि बल्दीराय थाने पर चोरी की तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष आरबी सुमन के द्वारा बताया गया मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन कर किया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

### तमंचों के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो रही है, वैसे पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। जिले के दो थानों से दो युवकों को पुलिस ने अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। धम्मौर थाने पर तैनात उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चंदेल हमराहियों के धम्मौर के आगे शराब के ठेके के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि एक युवक तमंचा लेकर कोई घटना करने जा रहा है। सूचना को सही मानते हुए पुलिस वाले उस तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगे। इसी बीच एक व्यक्ति पुलिस चेकिंग देख वापस लौटने लगा तो पुलिस वालो ने उसे घेर कर पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर युवक ने कहा कि उसके पास तमंचा है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की शिनाख्त इरफान निवासी हाजीपट्टी थाना धम्मौर के रुप में हुई। वहीं, करौदीकला थाने के उपनिरीक्षक हेमंत सिंह बुधवार की सुबह हमराहियो के साथ गंगापुर तिराहे पर थे। इसी बीच एक युवक आता दिखा लेकिन पुलिस को देख वापस भागने लगा तो पुलिस वालो ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर युवक ने बताया कि उसके पास अवैध असलहा है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला। पकड़े गए युवक की पहचान अर्जुन खरवार उर्फ गोलू निवासी बांगरकला थाना करौदीकला के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

### बाईपास रोड पर कूड़ा जलने से लोग परेशान

**गोसाईंगंज अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के बंधा बाईपास रोड पर नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा फेके गए कूड़े के ढेर में आग लगने के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है। यह कोई पहली घटना नही इससे पूर्व भी इस तरह की कई वारदात हो चुकी है। इस आग से उठने वाला धुआं जहां स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। वहीं आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर से उठाए गए कूड़े को यहाँ डंप किया जाता है। जिसमें आए दिन आग लगी रहती है। यदि यह आग की लपटे विकराल रूप रख ले लेती है तो लोगो के घरों में भी पहुंच सकती है। जबकि भीषण आग से उठने वाला जहरीला धुंआ आस पास के लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। अधिशासी अधिकारी इन्द्र भान ने बताया की जल्द ही पदभार ग्रहण किया है। आग बुझाने के लिए पंचायत टीम को भेज दिया जाता है।

**आयोजन** सांसद मेनका संजय गांधी ने कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया

# मेरे और पार्टी के कंधे मजबूत, उठाएंगे आपका बोझ : मेनका

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सांसद मेनका संजय गांधी ने बुधवार को कादीपुर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी हैं। पीएम मोदी ने पिछले पांच सालों में गरीबों को मकान, शौचालय, आवास, आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन, मुफ्त गैस कनेक्शन सहित तमाम योजनाओं का लाभ दिया हैं।

सांसद ने कहा कि घबराओ मत, जिन पात्र लोगों को अभी तक आवास नहीं मिला हैं उनके लिए इसी साल एक लाख मकान और लाऊंगी। हर गरीब के पास अपना आशियाना होगा। उन्होंने कहा कमल का फूल विकास और सुशासन लाने की गारंटी है। 5 सालों में 5 हजार गरीबों की शादियां कराई गई हैं। 400 दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल दी गई है। उन्होंने कहा हमारी पार्टी हर वक्त गरीबों की मदद के लिए खड़ी रहती है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि बुधवार को श्रीमती गांधी कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कटघरा, गोपालपुर कादीपुर खुर्द, सरायरानी, गौरा बीबीपुर, बनकेगांव, मलिकपुर नोनरा, अखंडनगर, अमरेथू डडिया, ककना, मालापुर, मखदूमपुर, लक्ष्मणपुर, कादीपुर नगर एवं शहर के रूहट्टा गली में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में शामिल हुई।

इस मौके पर विधायक राजेश गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष डा आरए वर्मा, जिला सहकारी बैंक के सभापति योगेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजय भान सिंह मुन्ना, जितेंद्र कुमार सिंह, विस. संयोजक आनन्द द्विवेदी, सह संयोजक राजेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, लालमणि सिंह, राजित राम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रवण मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र सिंह, राजमणि वर्मा, शिव नारायण वर्मा, सर्वेश सिंह, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक, आकाश, जायसवाल, आशुतोष सिंह, सभापति यादव आदि मौजूद रहे।



कादीपुर में आयोजित नुक्कड़ सभा में पहुंचीं सांसद मेनका संजय गांधी। अमृत विचार

# फंदे से लटका मिला युवती का शव

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार:** चांदा कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती तातो मुरैना गांव में बुधवार की सुबह सपना गौतम पत्नी संजय गौतम का शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया। सपना गौतम का अभी दो वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू की दी है। थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि युवती का शव फंदे से लटकता हुआ मिला था, उसे पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### मतदान/मतदेय स्थलों को 28 तक किया अधिग्रहीत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव में जिले के सभी 2621 मतदान/मतदेय स्थलों पर सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिये सभी मतदान/मतदेय स्थलों को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहीत किया जाना अनिवार्य है। डीएम ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के भाग 10-प्रकीर्ण के अन्तर्गत धारा 160 (1) (ख) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये तत्काल प्रभाव से 28 मई तक अधिग्रहीत किया है और आदेशित किया है कि उक्त अवधि में मतदान/मतदेय स्थल का उपयोग लोकसभा चुनाव के कार्य में किया जायेगा।

### उम्मीदवार चुनावी खर्च रजिस्टर की कराएं चेकिंग

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा चुनाव के निर्वाचन में विधिमान्य उम्मीदवारों को अवगत कराया है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके चुनावी खर्च रजिस्टर का तीन बार निरीक्षण व्यय प्रेक्षक के पर्यवेक्षण में किया जायेगा। उन्होने निर्वाचन व्यय रजिस्टर के निरीक्षण के सम्बन्ध में बताया कि पहला 11 मई, द्वितीय 17 मई एवं तृतीय निरीक्षण 22 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक वातानुकूलित सभागार ग्राम्य विकास एवं प्रशिक्षण सस्थान अफीम कोठी में किया जायेगा। उन्होंने उम्मीदवारों से निर्धारित विवरण के अनुसार निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर अपने निर्वाचन व्यय रजिस्टर का निरीक्षण कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

# खिलाड़ियों व अधिकारियों को दिलाई गई मतदाता जागरुकता की शपथ

## दस किलोमीटर क्रास कंट्री रेस को मंडलायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता, प्रयागराज



प्रयागराज में मतदाता जागरुकता के लिए मंडलायुक्त ने दिलाई शपथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर शहर में मतदाता जागरूकता 10 किमी क्रास कन्ट्री रेस पुरूष व महिला दौड़ का शुभारम्भ अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, म्योहाल से शुरु किया गया। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने खिलाडियों व अधिकारियों को शपथ दिलाकर हरी झण्डी दिखाते हुए दौड़ का उद्घाटन किया।

25 मई, 2024 को होने वाले मतदान के लिए अपने स्वयं के मत व अपने परिवार व गांव से शत प्रतिशत वोट डालने के लिए कहा गया। प्रतियोगिता महाराणा प्रताप चौराहा (म्योहाल), धोबी घाट चौराहा, एकलव्य चौराहे से प्रधान डाक घर से होते हुए पत्थर गिरजा घर चौराहा से सुभाष चौराहा, सिविल लाइन, हनुमान मन्दिर चौराहा, मेडिकल चौराहा, सी.एम.पी डिग्री कालेज चौराहा, जार्ज टाउन थाना होते हुए बालसन चौराहा, इण्डियन प्रेस चौराहा, चन्द्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर 3 पर समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता में 256 पुरूष एवं 102 महिला कुल 358खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम शैलेश कुशवाहा, द्वितीय प्रदुम निषाद, तृतीय दूधनाथ यादव, चौथा करन निषाद, पांचवा दिनेश यादव, छठा मो फरह एवं महिला वर्ग में प्रथम पूजा पटेल, द्वितीय पुष्पा यादव, तृतीय श्रेया सिंह, चौथा मिला देवी, पांचवा मानसी निषाद, छठा रानी ने प्राप्त किया। सभी खिलाडियों का पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त का मुख्य विकास अधिकारी ने बुके देकर एवं संदीप गुप्ता, क्रीडा अधिकारी म्योहाल द्वारा बैज लगाकर तथा मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त एवं प्रेक्षक का क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी विमला सिंह द्वारा अरविन्द सोनकर, उप क्रीडा अधिकारी एवं देवी प्रसाद उप क्रीड़ाधिकारी ने बैज लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, पी.एन. सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एल. बी. मौर्य उप जिला विद्यालय निरीक्षक, बृजेश श्रीवास्तव, सचिव जिला खेल कूद नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रयागराज में 25 तो कौशांबी में 20 को होगा मतदान

**प्रयागराज, कौशांबी, अमृत विचार :** प्रयागराज और कौशांबी में होने वाले लोक सभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रयागराज में 25 मई तो कौशांबी में 20 मई को होगा मतदान किया जाएगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले में होने वाले मतदान मतदान को लेकर प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। कौशांबी लोकसभा सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है। जबकि 25 मई को प्रयागराज में होना है। जिसके लिए पुलिस और प्रशासन ने पूरी तैयारी कर गई है। डीएम व एसपी और प्रयागराज के कमिश्नर ने पूरी तैयारी कर ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रयागराज, कौशांबी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में बताया कि 26 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया 03 मई को समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि 03 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है।

## स्टेटिक सर्विलांस टीमों ने पकड़ी लाखों की नकदी

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** खीरी थाना क्षेत्र के लेडियारी और लाल तारा चेक पोस्ट पर दो चार पहिया वाहनों से लाखों की नगदी बरामद की है। बताया जाता है कि चेकिंग के दौरान 13 लाख 58 हजार 570 रूपया बरामद किया गया है। स्टेटिक सर्विलांस टीम और फ्लाइंग सर्विलांस टीम ने चेकिंग के दौरान अलग अलग दो चेक पोस्ट से क्रमशः 10 लाख 27 हजार 770 रुपया और 3 लाख 30 हजार 800 रूपया बरामद किया है। बरामद रुपए से जुड़े दस्तावेज मौके पर न दिखा पाने के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने उसे जब्त किया।


चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह। अमृत विचार

### कोरांव में कांग्रेस प्रत्याशी ने किया कार्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता, कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** नगर पंचायत कोरांव में लेडियारी रोड पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह ने विधि विधान पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उज्ज्वल रमण ने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रयागराज की उपेक्षा हुई है। जब तक यह शहर जागेगा नहीं, कल-कारखाने चलेंगे नही तब तक विकास नही हो सकता। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि प्रयागराज में एक एम्स अस्पताल और एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम हो। इस अवसर पर राघवेन्द्र सिंह, प्रमोद पयासी, अनीता शुक्ला, यादवेन्द्र अहिर, जगजीवन सिंह, देवेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पति के लिए प्रचार में जुटीं कविता

संवाददाता, कोरांव/नैनी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में बुधवार को उनकी पत्नी कविता यादव त्रिपाठी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार में जुटी रहीं।

नगर पंचायत कोरांव में उन्होंने घर घर जाकर जनसंपर्क कर प्रचार किया। वहीं श्याम मिश्र के आवास पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही बदौर, मिश्रपुर, उल्दा सहित कई गांवों में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाए जाने की अपील किया। इस अवसर पर शशि द्रिवेदी, रामनवल सिंह, बबुआन द्रिवेदी, गणेश प्रसाद मिश्र सहित भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पति के लिए प्रचार करतीं कविता यादव त्रिपाठी। अमृत विचार

# लोकतंत्र की मजबूती को करें मतदान

## पीबीपीजी कॉलेज के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** पीबीपीजी कालेज सिटी में बुधवार को छात्र - छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सभी ने मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंचकर वोट करने के लिए अपील की। अंत में सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

एनएसएस के चार इकाइयों के स्वयंसेवकों के साथ छात्र - छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती, बैनर लिए जागरूकता नारे के साथ कालेज से निकली रैली में शामिल स्वयंसेवकों एवं छात्र - छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। स्वयंसेवकों ने मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। रैली के बाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी का वोट बहुमूल्य है। इसके महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें। प्रो.ब्रम्हानंद प्रताप सिंह ने कहा कि सभी मतदाताओं का जागरुक होना जरूरी है। जागरुक मतदाता ही अपने मतों को समझ सकता है। डा.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। डा. के.के. सिंह ने कहा कि इस लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मताधिकार है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि अपने मत का प्रयोग संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर करना चाहिए। संचालन डा. कुलदीप सिंह ने किया। डा. चेत प्रकाश पांडेय,डा. प्रणव ओझा, डा. वंदना सिंह, डा. दिनेश कुमार, रवि प्रकाश सिंह, अवनीश सिंह रहे।


पीबीपीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते प्राचार्य प्रो . अमित कुमार श्रीवास्तव। अमृत विचार

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति डाटा 24 मई तक होगा लॉक

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने सभी दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं (कक्षा 11-12 को छोड़कर) को सूचित किया है कि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण उ.प्र. द्वारा शैक्षिक सत्र वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का भुगतान विश्वविद्यालय/एफिलेटिंग एजेन्सी/जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थान की सीट वेरीफिकेशन/फीस सत्यापन हेतु कार्यवाही पोर्टल पर लम्बित रहने के कारण नहीं किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उपलब्ध बजट की सीमा के अन्तर्गत रहते हुये नियमानुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। वर्ष 2023-24 में विश्वविद्यालय/एफलियेटिंग एजेन्सी द्वारा सीट वेरीफिकेशन हेतु लम्बित आवेदनों पर कार्यवाही हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा सीट वेरीफिकेशन/फीस आदि का सत्यापन डिजिटल हस्ताक्षर से 07 से 13 मई तक आनलाइन सत्यापित किया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन डिजिटल हस्ताक्षर से 07 मई से 15 मई तक आनलाइन सत्यापित किया जायेगा। राज्य एनआईसी द्वारा परीक्षणोपरान्त डाटा जनपदीय लॉगिन पर 17 मई तक उपलब्ध कराया जायेगा। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा 18 से 24 मई तक डाटा को लॉक किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### लॉग बुक व ईंधन पर्ची प्राप्त करें वाहन स्वामी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** प्रभारी अधिकारी (परिवहन)/पीडी डीआरडीए आर.सी. शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र कौशाम्बी एवं लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित भारी/मध्यम वाहनों को लागबुक एवं ईधन पर्ची वितरित किये जाने हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय (एआरटीओ) में 10 से 15 मई तक कैम्प आयोजित किया गया है। उन्होंने समस्त भारी/मध्यम वाहन स्वामियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित अवधि में एआरटीओ कार्यालय में उपस्थित होकर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी/सहायक प्रभारी परिवहन से लाग बुक व ईधन पर्ची प्राप्त कर लें।

### मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 16 मई तक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने बताया कि लोकसभा चुनाव हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 16 मई तक निर्धारित किया गया है। 10 मई को जीआईसी में विधानसभा क्षेत्र 245- बाबागंज व संत एन्थोनी इण्टर कालेज में 246-कुण्डा के मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। 13 मई को जीआईसी में 249-पट्टी व 247-विश्वनाथगंज के कार्मिकों को प्रशिक्षण, 14 मई को संत एन्थोनी इण्टर कालेज में 244- रामपुरखास व 250-रानीगंज के कार्मिकों का प्रशिक्षण, 15 मई को सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में 248-प्रतापगढ़ व जीआईसी में 247-विश्वनाथगंज के मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। 16 मई को सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में 248-प्रतापगढ़ के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं 2 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा।

### कयार हत्याकांड में पांच गिरफ्तार

**जौनपुर, अमृत विचार :** जिले के सरायख्वाजा थाना पुलिस ने क्षेत्र के कयार गांव में जमीनी विवाद में एक बृध्द की गोली मारकर हत्या करने तथा दो अन्य को मार पीटकर घायल करने के आरोप में मां, बेटा, बेटी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार की सुबह हुई थी सराख्वाजा थाना क्षेत्र के कयार गांव में मकान के निर्माण कार्य के दरम्यान बारजा निकालने को लेकर मंगलवार की सूबह करीब नौ बजे एजाज व पड़ोसी अरमान के बीच विवाद हो गया। पहले मारपीट हुई उसके बाद आरोप है कि अरमान ने कट्टे से फायर करके अरमान के पेट में गोली मार दिया। परिवार उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे इलाज के दरम्यान उनकी मौत हो गयी इस वारदात में दो अन्य लोग भी घायल हुए है। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आज मुख्य आरोपी अरमान, इशरत जहां, हुसना बोनों, निवासी कयार तथा इरफाना पत्नी बहाजुद्दीन निवासी पोटरिया तथा पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करती है भाजपा


रामपुर खास में जनसम्पर्क करते भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लोकसभा प्रतापगढ़ के भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने बुधवार को लालगंज विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क कर वोट देने की अपील किया। पद्माकरपुर, पीथापुर, देवापुर चौखड़, जगदीशपुर, गोपालपुर व कला भदारी समेत गांवों में नुक्कड़ सभा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों व किसानों की है। यह सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करती है। विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसम्पर्क कर वोट मांगा। इस दौरान रामपुर खास के पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह, कुलवंत सिंह, राजकुमार बरनवाल, अभिषेक सिंह, जितेंद्र वर्मा, राम समुझ मौर्य, बसंत लाल वर्मा, अजय वर्मा, जय कौशल, देवदत्त शुक्ल, बबलू मिश्र, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### विकास और उत्थान के लिए एकजुट होकर करें मतदान


नुक्कड़ सभा को संबोधित करते सपा प्रत्याशी डॉ . एसपी सिंह पटेल। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संसदीय सीट प्रतापगढ़ से सपा (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी पूर्व एमएलसी डॉ . एस .पी . सिंह पटेल ने बुधवार को विधानसभा रामपुर खास क्षेत्र में जनसम्पर्क कर वोट मांगा। इसके पूर्व रामपुर खास विधानसभा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जाति,धर्म,संप्रदाय से ऊपर उठकर जिले के विकास और उत्थान के लिए एकजुट होकर मतदान करें। कोठा नेवढ़िया, उदयपुर, राजापुर, दौलतपुर, पूरे बुद्ध, नौगीर, घुइसरनाथ रोड, खालसा चौराहा समेत गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में वोट के साथ जन- समर्थन मांगा। इस दौरान नीरजा शंकर, मो . शाहिद, डॉ अनुराग,राजीव पटेल,मो . हासिम, अनुपम, संजय वर्मा, राजेश कुमार यादव रहे।


बच्चों को आग से बचाव की दी गई जानकारी। अमृत विचार

### बच्चों को आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जगह-जगह आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट है। इन्हीं घटनाओं को रोकने के लिए विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में केराकत में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्रभारी फायर स्टेशन केराकत अखिलेश पांडेय और सूबेदार यादव के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह क्षेत्र के सिहौली गाँव में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल व राजकुमारी इंग्लिश मीडियम स्कूल सरकी और जीडी पब्लिक स्कूल केराकत के विद्यालयों पर अग्निशमन विभाग की टीम ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। बच्चों को कपड़े एवं बाल्टी का प्रयोग करके अलग-अलग विधि से आग बुझाने की कई गतिविधियों को सभी बच्चों को बताया गया। इस अवसर पर प्रबंधक अमित यादव, अध्यापक राममिलन यादव, प्रिया यादव, आंचल विश्वकर्मा, छाया यादव, पूनम सिंह, पूनम यादव, सलवा खान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### चोरी के मामले में छह लोगों के खिलाफ़ दर्ज की प्राथमिकी

**खेतासराय, जौनपुर, अमृत विचार :** खेतासराय जौनपुर थाना क्षेत्र के जमदहा गांव में बीते माह दुकान में घुसकर चोरी की घटना के मामले में न्यायालय के आदेश पर छः लोगों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस घटना की गम्भीरता देख विवेचना को आगे बढ़ा रही है। वादी मो नासिर ने 156 (3)के तहत न्यायालय प्रार्थना पत्र दिया कि 11 अप्रैल को दो लोगो को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसकी जानकारी आरोपित के अन्य परिवार को जानकारी हुई तो उन्हें मारने पीटने के साथ ही पंद्रह हज़ार नकदी और सामान उठा ले गए। मामले की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुँचे तो उल्टे ही बैठा लिया गया। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पैसा की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई लेकीन कोई सुनवाई नही हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गत दिन रेहान, सादाम, अयान, अदनान, नजरू मो साकिब पर 379, 323, 427, 504 व 506 पर मुकदमा दर्ज कर घटना की सही तथ्यों को इकट्ठा कर रही है।

# भारत को बनाएं टीबी मुक्तः सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, जौनपुर


विश्व रेडक्रॉस दिवस पर टीबी मरीजों को दी गई पोषण पोटली। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास जौनपुर ईकाई द्वारा रेडक्रास भवन पर बड़ी संख्या में उपस्थित टीबी मरीजों को पोषण पोटली एवं महिलाओं को पोषण पोटली के साथ ही हाइजिन किट का वितरण किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री का संकल्प है कि, 2025 तक भारत में टीबी के मरीजों की संख्या समाप्त हो जाय और भारत टीबी मुक्त देश बन जाय। टीबी की बीमारी सही खान-पान व नियमित दवा के सेवन से ठीक हो रही। बड़ी संख्या में लोग टीबी से ठीक हो चुके हैंऔर जो बचे हैं,वह भी 2025 तक सही हो जायेंगे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा ब्लॉक सिरकोनी के वर्ष 2024 में गोद लिए गए कुल 53 क्षय रोगियों को पोषण किट और हाइजिन किट का वितरण रेडक्रास भवन, जौनपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में किया गया। रेडक्रास सोसायटी जौनपुर इकाई के सभापति डा. आरके सिंह, एसीएमओ डा.राजीव कुमार, सचिव डॉ. मनोज वत्स, कोषाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, डीटीओ राकेश सिंह, डा. अंजू सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर चन्द्रेश द्विवेदी, प्रकांत दूबे, रवि सिंह, डा. एसएन सिंह, डा. विमला सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, आशीष श्रीवास्तव, सलिल यादव, अरुण मौर्य, बल्लभ सेठ, हर्ष श्रीवास्तव, नितिन चौरसिया रहे।

### बालू लदे ट्रक पर मिला चालक का शव

**संवाददाता, मिर्जापुर, अमृत विचार :** जिले के थाना को कटरा क्षेत्रान्तर्गत रॉबट्र्सगंज तिराहे के पास बालु लदे ट्रक में राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा निवासी शिष्टाखुर्द थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर, 38 वर्ष का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारीगण, थाना को0कटरा पुलिस, फोरेंसिक व डॉग स्कॉड टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। ट्रक मालिक द्वारा बताया गया कि मृतक ट्रक का ड्राइवर है जिसे चार दिन पहले ही काम पर रखा गया था तथा ट्रक के परिचालक को भी 15 दिन पहले ही नौकरी पर रखा गया था, जो (ट्रक परिचालक) घटना के बाद से ही फरार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा फरार परिचालक की यथाशीघ्र गिरफतारी हेतु टीमों को लगाया गया है। पुलिस द्वारा मृतक का मोबाइल फोन व नगद धन राशि भी बरामद कर ली गयी है।

# अपर निदेशक ने उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)


पूछताछ करतीं अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक विंध्याचल मंडल डा शोभना दूबे ने डा पूजा सिंह के साथ उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार को दिया है।अपर निदेशक ने उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य के स्वास्थ्य सेवाएं वैक्सीनेशन के लिए रखी गई कोल्ड चैन स्टोर का निरीक्षण किया प्रतिरक्षण अधिकारी गिरजा यादव से वैक्सीन के रख रखाव की जानकारी लिया। ओपीडी कक्ष पहुंचकर ओपीडी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों से संबंधित जानकारी प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार से लिया। औषधि वितरण, पुरुष वार्ड, आपरेशन कक्ष, प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया नियमित रूप से साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

### एआरटीओ ने डग्गामार बस को किया सीज

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रशासन ने एसपी सिंह ने हलिया से सवारियों को लेकर प्रयागराज जा रही एक डग्गामार बस को हलिया ड्रमंडगंज मार्ग रतेह चैराहा से पकड़कर परमिट उल्लंघन में कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर हलिया थाना परिसर में खड़ा कराया है। वाहन मालिक के विरुद्ध 22600 रुपए का आनलाइन चालान भी कर रसीद चालक को पकड़ा दिया है। एआरटीओ ने बताया डग्गामार बस का परमिट आल इंडिया था और बस मालिक द्वारा परमिट का उलंघन करके बस को राज्य परमिट पर चलाया जा रहा था। परमिट उल्लंघन में कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर दिया गया है बस को पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराते हुए पुलिस को सौप दिया गया है। एआरटीओ प्रशासन लोकसभा चुनाव में अधिग्रहण किए गए वाहनों के मालिकों को नोटिस तामिल करा रहे थे।



मतदाता जागरुकता के लिए बच्चों ने बनाई रंगोली। अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाकर किया जागरूक

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** उच्चीकृत प्राथमिक विद्यालय हलिया के छात्र छात्राओं ने बुधवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता जागरूकता सिम्बल की रंगोली के माध्यम से रंगोली बनाकर लोगों को एक जून को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।बैनर के स्लोगन देश हित में है अभियान आओ चलें करें मतदान लोकतंत्र की है पहचान मत मतदाता और मतदान जन जन की पुकार है वोट देना है अधिकार है। प्रभारी प्रधानाध्यापक उच्चीकृत प्राथमिक विद्यालय अजीत कुमार यादव ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए छात्र छात्राओं को स्मार्ट क्लास के प्रोजेक्टर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया है।इस दौरान सहायक अध्यापक राजकुमार पांडेय,एसएमसी अध्यक्ष परमात्मा मौर्य, रोजगार सेवक अहमद रजा, पंचायत सहायक रामलोचन मौर्य, रामनारायण सोनी आदि मौजूद रहे।

